RURAL Immersion Programme
October 20-25, 2024

गाँव से जुड़ाव कार्यक्रम समाचार पत्र | 2024

Volume 9 | Tuesday, October 22, 2024 | Parivartan

तीसरा दिन, 22 अक्टूबर 2024

आज के दिन की शुरुआत योगा से हुयी | सुबह सभी बच्चें एवं शिक्षक निर्धारित समय 05:00 बजे जग गए फ्रेश होने के बाद योगा सत्र के लिए इकट्ठा हुए | सुबह 5:30-6:15 बजे तक योगा सत्र संचालित हुआ | इसके बाद सभी बच्चें फ्रेश हुए एवं फील्ड के लिए तैयार हुए | तैयार होने के बाद नाश्ता हुआ उसके तुरंत बाद पूरी टीम अपने अपने गांवो के लिए निकल गयी | आज गाँव भ्रमण का दूसरा दिन था |

सुबह 8:30 -01:00 बजे तक सभी टीम गाँव में रही एवं अपना सर्वे का काम पूरा की | इस काम के बाद सभी टीम दोपहर 1:00 बजे तक परिवर्तन पहुँच गयी | दोपहर का भोजन हुआ उसके बाद सभी लोग अपने अपने कमरे के तरफ आराम करने चले गए | दोपहर 2:00-3:00 बजे तक आराम करने का समय दिया गया था | इसके बाद अगले सत्र के लिए सभी बजे सभागार में एकत्रित हुए | 03:00-4:00 बजे तक एक बहुत ही महत्वपूर्ण सत्र संचालित हुआ जहाँ परिवर्तन संस्था द्वारा पिछले 11 वर्षों में समुदाय के लिए किये गए विभिन्न प्रयास का क्या प्रभाव रहा इसको समझना था | इस सत्र का नाम था बदलाव "मेरे हिस्से की कहानी" | कुल 1 घंटे के सत्र में परिवर्तन से जुड़े कुल 8 लाभार्थियों ने अपने जीवन मे आये बदलाव एवं उस बदलाव हेतु परिवर्तन द्वारा किये गए प्रयासों पर प्रकाश डाला | इस सत्र के बाद DPS टीम द्वारा सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया |

अब समय हो चला था आज के खेल सत्र का इसलिए सभी बच्चों को एक घंटे का ब्रेक दिया गया जहाँ वो अपने मन पसंद के खेल में भाग ले सकते थे | इस सत्र के बाद सभी बच्चें एवं शिक्षक लर्निंग वाक के लिए तैयार थे | परिवर्तन के कुल **8** वालंटियर्स के साथ सभी बच्चें एवम शिक्षक अलग अलग कुल 4 गाँव में भ्रमण किये एवं समझने का प्रयास किये कि दिन समाप्ति के समय संध्या बेला में गाँव अपने आप को कैसे समेटता है | संध्या बेला में गाँव मे क्या क्या होता है | कुल **1** घंटे के भ्रमण के बाद सभी टीम परिवर्तन मे उपस्थित हुयी |

काफी छोटे से विराम के बाद अब सभी टीम फाइनल प्रस्तुति सत्र के अभ्यास एवं अन्य आवश्यक आकड़ों एवं बिन्दुओं को समझने हेतु सभागार में इकठ्ठा हुयी | यहाँ कुल 3:00 घंटे तक सभी टीम के सदस्यों ने अपनी प्रस्तुतियां दी | उसके बाद मेंटर शिक्षक द्वारा फाइनल डाटा कलेक्शन के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए | सभी टीम ने अपने अपने प्रस्तुतियों में दिख रही कमी पर ध्यान दिया उसके बाद कल के अंतिम गाँव भ्रमण में क्या क्या और कैसे कैसे इकठ्ठा करना है इसकी तैयारी के साथ सोने चले गए | इस प्रकार आज के दिन की यहीं समाप्ति हुयी |

For more information on Parivartan, do visit www.parivartanbihar.org